Ans. (d) : 'उत्तरलाई सिविल एयरपोर्ट' राजस्थान के बाड़मेर जिले में स्थित है। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) को पश्चिमी क्षेत्र में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस वायु सेना स्टेशन से हवाई सेवाएं संचालित करने की अनुमति दी है।

1602. आर्थिक सर्वेक्षण (इकोनॉमिक रिव्यू) (2020-21) के अनुसार, 31 मार्च, 2020 तक राजस्थान में राज्य राजमार्ग की कुल लम्बाई है लगभग–

(a) 15621.25 km (b) 17520.30 km
(c) 18200 km (d) 16500 km

JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021
कनिष्ठ अभियंता सिविल- 2020

Ans. (a) : आर्थिक सर्वेक्षण 2020-21 के अनुसार, 31 मार्च 2020 तक राजस्थान में राज्य राजमार्गों की कुल लम्बाई लगभग 15621.25 km थी। जो मार्च 2021 तक बढ़कर 2,72,959.28 km हो गयी है। मार्च 2021 तक राज्य में सड़कों का घनत्व 79.76 km प्रति 100 वर्ग किमी है।

1603. राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 15 पर निम्न में से जो नगर नहीं आता है वह है।

(a) श्री गंगानगर (b) जैसलमेर
(c) बीकानेर (d) नागौर

Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (d) : राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-15 राजस्थान के बीकानेर श्रीगंगानगर, जैसलमेर, बाड़मेर एवं जालौर जिलों से होकर गुजरती है। यह राजस्थान का सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग है।

1604. निम्नलिखित राष्ट्रीय राजमार्गों में से कौन-सा एक राजस्थान में अजमेर को बीकानेर से जोड़ता है?

(a) एन.एच.89 (b) एन.एच.79
(c) एन.एच.59 (d) एन.एच.69

प्रयोगशाला सहायक -2018
48 LA2018_Question Paper Code-48

Ans. (a) : राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 89 अजमेर को बीकानेर से जोड़ता है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग पूर्णतः राजस्थान में है। यह लगभग 278 किमी. लम्बा है।

1605. राजस्थान पंचायत अधिनियम किस वर्ष अधिनियति किया गया था और पूरे राज्य में ग्राम पंचायतों की स्थापना की गई थी?

(a) 1950 (b) 1947
(c) 1956 (d) 1953

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती-29.09.2022

Ans. (d) : राजस्थान पंचायत अधिनियम 1953 में लागू हुआ और इस अधिनियम के अन्तर्गत पूरे राजस्थान में ग्राम पंचायतों की स्थापना की गई। राजस्थान पंचायत अधिनियम, 1953 के अंतर्गत तीन स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था 2 अक्टूबर 1959 से कार्य करने लगी।

1606. राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की स्थापना कब हुई?

(a) 1979 (b) 1964
(c) 1961 (d) 1971

कनिष्ठ अभियंता (सिविल) संयुक्त परीक्षा-2020
सूचना सहायक भर्ती परीक्षा-2018
पुस्तकालय भर्ती परीक्षा -2019
I.A. 2018

Ans. (b) : राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की स्थापना, अक्टूबर 1964 में सड़क परिवहन अधिनियम 1950 के तहत की गयी है। यह राज्य में इंटरसिटी बस परिवहन का सबसे बड़ा सेवा प्रदाता है। इसका मुख्यालय जयपुर में है। इसका सेवा क्षेत्र राजस्थान एवं पड़ोसी राज्य तक है।

1607. निम्नलिखित में से राजस्थान में लंबाई की दृष्टि से सबसे छोटा राष्ट्रीय राजमार्ग कौन सा है?

(a) NH 15 (b) NH 65
(c) NH 71B (d) NH 76

Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022
उदयोग प्रसार भर्ती -2018
JEN Civil Diploma- 21.08.2016

Ans. (c) : राजस्थान में लम्बाई की दृष्टि से सबसे छोटा राष्ट्रीय राजमार्ग NH 71B (नया NH 919) है। इसकी लम्बाई राजस्थान में 4.7 किमी है। राजस्थान का सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग NH 15 है। जिसकी कुल लम्बाई-878 किमी. है।

1608. निम्नलिखित में से कौन सा शहर राष्ट्रीय राजमार्ग 8 (NH 8) पर अवस्थित नहीं है?

(a) जयपुर (b) अजमेर
(c) ब्यावर (d) पाली

कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022

Ans. (d) : राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 राजस्थान का सर्वाधिक व्यस्त राजमार्ग है। यह राजस्थान के 6 जिलों से होकर गुजरता है- जो अलवर, जयपुर, अजमेर, राजसमंद, उदयपुर तथा डूंगरपुर है। यह राजमार्ग दिल्ली और मुम्बई को जोड़ता है।

1609. 31 मार्च, 2020 को राजस्थान में सड़कों की कुल लंबाई थी-

(a) 2,69,028.16 किमी.
(b) 2,23,749.12 किमी
(c) 2,60,280.13 किमी.
(d) 2,81,235,11 किमी.

कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022

Ans. (a) : 31 मार्च, 2020 को राजस्थान में सड़कों की कुल लम्बाई 269028.16 किमी. थी। वर्तमान में 31 मार्च, 2021 तक को 272959.28 किमी. है।

1610. राजस्थान में स्वर्णिम चतुर्भुज निम्न में से किस शहर से निकलता है?

(a) अलवर (b) कोटा
(c) बाँसवाड़ा (d) उदयपुर

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (d) : राजस्थान में स्वर्णिम चतुर्भुज राजस्थान के उदयपुर शहर से होकर गुजरता है।

1611. 'रातानाडा हवाई अड्डा' कहाँ स्थित है?

(a) जोधपुर (b) जयपुर
(c) उदयपुर (d) बीकानेर

पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III-2018, परीक्षा तिथि:19-09-2020

Ans. (a) 'रातानाडा हवाई अड्डा' राजस्थान के जोधपुर में स्थित है। .पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर जोधपुर में नया सिविल एयरपोर्ट स्थापित किया जा रहा है। सांगानेर हवाई हड्डा जयपुर में, महाराणा प्रताप हवाई अड्डा उदयपुर में, नाल हवाई अड्डा बीकानेर में स्थित हैं।